Title : Need to reinstate all the 1102 dismissed workers of M/s Tata Iron and Steel Company Limited in Jharkhand.

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) : माननीय सभापति महोदय, झारखंड प्रदेश के धनबाद जिलान्तर्गत जामाडोबा-सिजुआ कोलियरी में कार्यरत 1102 मजदूरों को मेसर्स टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटिड के प्रबन्धन के द्वारा 21 मार्च, 2005 से जबरन कार्य से बिना नोटिस दिए बैठा दिया गया है जो श्रम मंत्रालय के नियम के विरुद्ध है। इन मजदूरों के परिवार भूख से मरने को मजबूर हो गए हैं जबकि इन सभी मजदूरों की ऐसी कोई गलती नहीं थी जिससे उन्हें कार्य से हटाया जा सके।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि मेसर्स टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटिड के द्वारा नौकरी से निकाले गए सभी 1002 मजदूरों को अविलम्ब नौकरी पर वापस लिया जाए जिससे उनके परिवारों को भुखमरी से बचाया जा सके।

MR. CHAIRMAN: Hon. Member, you had raised this matter on 16th August. You are again doing it now.